# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–09 अक्टूबर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज झांसी पहुंचे। वहां उन्होंने विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित छत्तीसवें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह–दो हजार पचीस में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेल और खेलकूद की प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने के लिए अनेक अभियान प्रारंभ हुए हैं । केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा खेलों के संवर्धन के प्रयासों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब खेल अपने आप में एक सर्वांगपूर्ण जीवनपद्धति बन चुके हैं। मुख्यमंत्री ने झांसी में एक मिनी स्टेडियम के स्थापना की घोषणा भी की।

**हमे एक चीज देखने को मिली कि अगर यहां पर कोई मिनी स्टेडियम बने तो उसको और अच्छे ढंग से इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। हम लोग राज्य सरकार की ओर से यहां पर एक मिनी स्टेडियम भी बनाएंगे। इससे आने वाले समय में इस प्रकार के कार्यक्रमों को आगे करने में और बेहतर तरीके से उन्हें सम्पन्न करने में मदद मिल सके।**

मुख्यमंत्री आज जालौन भी पहुंचे। वहां उन्होंने विभिन्न लोक कल्याणकारी परियोजनाओं की सौगात दी।

**********

देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अयोध्या दौरे के दूसरे दिन आज सपरिवार श्रीराम मंदिर में दर्शन पूजन किया। उन्होंने मंदिर में आयोजित मंगला आरती में भी हिस्सा लिया।

**********

अगले माह पचीस नवम्बर के बाद श्रद्धालुओं को अयोध्या के श्रीराम मंदिर के पूरे परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। यह जानकारी मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण अब अंतिम चरण में पहुंच चुका हैं । पचीस नवंबर को पूरी दुनिया को मंदिर निर्माण की पूर्णता का आभास होगा।

**********

प्रदेश के कानपुर शहर में कल शाम मूलगंज कोतवाली के मिश्री बाजार इलाके की एक दुकान के पास दो स्कूटी में हुए विस्फोट की घटना में पुलिस कार्रवाई तेज हो गई है। कानपुर पुलिस कमिश्नर ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि इस घटना में कुल आठ लोग प्रभावित हुए हैं। एक रिपोर्ट–

***कानपुर पुलिस कमिश्नर के सोशल मीडिया एक्स हैंडल के जरिए बताया गया है कि घटना के बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर ब्रिगेड, बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड व फॉरेंसिक टीम के साथ सर्च एंड सीजर ऑपरेशन चलाया जा रहा है। तलाशी के दौरान एक गारमेंट्स दुकान सहित कई स्थानों से भारी मात्रा में अवैध पटाखे व सुतली बम बरामद हुए हैं। कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण व बिक्री की जा रही थी। इस संबंध में लापरवाही बरतने वाले विभागीय कार्मिकों की भी जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा पूरे क्षेत्र में सघन जांच व तलाशी अभियान जारी है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के युवाओं का एक बड़ा हिस्सा तंबाकू की लत से परेशान है।

***किसी भी तरीके से, किसी भी स्वरूप में एक तम्बाकू के उत्पाद के प्रमोशन या उसके एडवटाइज इसको भारत सरकार ने प्रतिबंधित किया हुआ है। यह सारे प्रयास इस लिए हैं कि हम अपने युवा पीढी को बचा सके। माइनर्स के बीच में जो 18 साल के कम उम्र के बच्चे हैं उनको तम्बाकू के उत्पाद नहीं बचे जा सकते। यह सारे प्रयास हमने किए हैं। जो हमारे विद्यालय है, स्कूल्स हैं उनके सौ मीटर की दूरी में ये जो तम्बाकू के प्रोडेक्स हैं वह नहीं उपलब्ध हो सकते हैं।***

**********

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो–दो हजार पचीस की तर्ज पर राज्य के सभी जिलों में आज से अठारह अक्तूबर के बीच स्वदेशी मेलों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कुशीनगर जिले में वहां के सांसद विजय कुमार दुबे ने आज इस मेले का उद्घाटन किया। हमारे कुशीनगर प्रतिनिधि ने बताया कि स्वदेशी मेले में स्थानीय कारीगरों, महिला स्वयं सहायता समूहों और युवा उद्यमियों द्वारा बनाये गए स्वदेशी उत्पादों की बिक्री तथा प्रदर्शनी की जा रही है। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल इस मेले का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों को देखने के लिये वहां के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने आज मेला स्थल का निरीक्षण किया।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में पंद्रह अक्टूबर तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश संभाग के दक्षिणी पूर्वी क्षेत्र में आज कहीं–कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की भी संभावना है।

**********